# यू.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा-2020
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-4)

1. राजमहल क्षेत्र में दामिन-ए-कोह क्या था?
   (a) भूमि का एक विशाल क्षेत्र जिसका सीमांकन किया गया था और जिसे संथालों की भावी (भविष्य) भूमि घोषित किया गया था।
   (b) पहारियाओं की भूमि जो विशेष रूप से धान की खेती के लिये थी।
   (c) ब्रिटिश इलाका (भूमि) जो उनके सैन्य (फौज) शिविर के लिये चिह्नित था।
   (d) निर्धारित किये गए किसानों को स्थापित करने के लिये अलग की गई (तय की गई) भूमि।

2. कृष्णराज सागर बांध/जलाशय किस नदी पर बनाया गया है?
   (a) कृष्णा नदी (b) तुंगभद्रा नदी
   (c) गोदावरी नदी (d) कावेरी नदी

3. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भूमि के एक ही (उसी) टुकड़े पर एक साथ (एक ही समय में) दो अथवा अधिक फसलें उगाने की पद्धति को वर्णित करता है?
   (a) फसल चक्रण (क्रॉप रोटेशन)
   (b) मिश्रित फसल (मिक्स्ड क्रॉपिंग)
   (c) अंतर-फसल (इंटरक्रॉपिंग)
   (d) मिश्रित खेती (मिक्स्ड फार्मिंग)

4. निम्नलिखित में से किन नदियों पर बगलिहार, दुलहस्ती और सलाल जलविद्युत परियोजनाएँ (हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट) विकसित की गई हैं?
   (a) चेनाब तथा झेलम (b) चेनाब तथा सिंधु
   (c) रावी (d) केवल चेनाब

5. निम्नलिखित में से कौन से देश की समुद्र/महासागर तक प्रत्यक्ष पहुँच (अभिगमन) **नहीं** है?
   (a) सीरिया (b) जॉर्डन
   (c) अज़रबैजान (d) आर्मेनिया

6. निम्नलिखित में से कौन-सा निदेशक सिद्धांत (निदेशक तत्त्व) संविधान (42वाँ संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा जोड़ा गया था?
   (a) राज्य आय में असमानताओं को कम करेगा
   (b) समान न्याय तथा मुफ्त कानूनी सहायता
   (c) सहकारी सोसाइटी का संवर्द्धन
   (d) शुरुआती बाल्यावस्था देखभाल का प्रावधान

7. वर्ष 1928 में कॉन्ग्रेसी नेताओं की एक समिति ने भारत के लिये एक संविधान का मसौदा तैयार किया। इस समिति की अध्यक्षता किसने की थी?
   (a) महात्मा गांधी (b) टी.बी. सप्रू
   (c) मोतीलाल नेहरू (d) जवाहरलाल नेहरू

8. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. PMKSY की शुरुआत 2015–16 के दौरान की गई थी।
   2. PMKSY का मूल उद्देश्य है- हर खेत को पानी।
   3. PMKSY का एक प्रमुख उद्देश्य है- खेत स्तर पर सिंचाई में निवेशों के अभिसरण (सम्मिलन) को प्राप्त करना।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (प्रमुख उद्देश्य)** | **सूची-II (पंचवर्षीय योजना)** |
|---|---|
| A. तीव्रतर एवं अधिक समावेशी वृद्धि | 1. पहली |
| B. तीव्रतर, अधिक समावेशी और संधारणीय वृद्धि | 2. पाँचवीं |
| C. द्वितीय विश्वयुद्ध से उत्पन्न असंतुलन को ठीक करना (सुधारना) | 3. ग्यारहवीं |
| D. आत्मनिर्भरता प्राप्त | 4. बारहवीं |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

10. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत सरकार का सबसे पुराना वैज्ञानिक (साइंटिफिक) विभाग है?
    (a) जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) विभाग
    (b) भारतीय सर्वेक्षण विभाग (सर्वे ऑफ इंडिया)
    (c) भारत मौसम विज्ञान विभाग
    (d) रक्षा अनुसंधान विकास संगठन

11. चुंबकीय क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
    (a) चुंबकीय क्षेत्र एक राशि है जिसमें दिशा और परिमाण होते हैं।
    (b) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ बंद वक्र (क्लोज़्ड कर्व) होती हैं।
    (c) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ खुला वक्र (ओपेन कर्व) होती हैं।
    (d) कोई भी दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ एक-दूसरे को नहीं काटती हैं।

12. विषाणुओं (वायरस) पर प्रतिजैविकों (एंटीबायोटिक दवाओं) के प्रभावों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) वायरस 'अजीवित' (निर्जीव) अस्तित्व हैं, किंतु ये प्रतिजीवाणुओं के साथ पारस्परिक क्रिया (अंत:क्रिया) कर सकते हैं।
   (b) कोरोना जीवाणुजनित रोग है।
   (c) वायरस अकोशिकीय होते हैं।
   (d) वायरस का आकार जीवाणु से छोटा होता है।
13. सूर्योदय और सूर्यास्त के समय में सूर्य लाल (रक्ताभ) दिखाई देता है। प्रकाशिकी में यह घटना, जो सूर्य के इस तरह से दिखाई देने के लिये ज़िम्मेदार है, क्या कहलाती है?
   (a) परावर्तन (b) पूर्ण आंतरिक परावर्तन
   (c) प्रकीर्णन (d) व्यतिकरण
14. कुपोषण के संदर्भ में 'टिक्की मौसी' क्या है?
   (a) विशेष रूप से पैक की गई एक खाद्य वस्तु
   (b) एक शुभंकर
   (c) एक स्कीम का नाम
   (d) स्वास्थ्य सेवा देने वालों को दिया गया एक नाम
15. विश्व पर्यटन दिवस, 2019 की विषयवस्तु निम्नलिखित में से क्या थी?
   (a) टिकाऊ (संधारणीय) पर्यटन
   (b) पर्यटन और डिजिटल रूपांतरण (परिवर्तन)
   (c) पर्यटन : जलवायु परिवर्तन की चुनौती की प्रतिक्रिया
   (d) पर्यटन और नौकरियाँ (जॉब्स) : सभी के लिये एक बेहतर भविष्य
16. निम्नलिखित में से किस देश ने सैन्य (थल सेना) अभ्यास TSENTR, 2019 का आयोजन किया?
   (a) रूस
   (b) चीन
   (c) कजाकिस्तान (कजाखिस्तान)
   (d) किर्गिस्तान (किर्गिज़स्तान)
17. जनवरी 2020 में ईरान में तेहरान के इमाम खुमैनी विमान पत्तन से उड़ान के तुरंत बाद एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त (क्रैश) हुआ, जिसमें सवार लगभग 170 लोग मारे गए। यह वायुयान निम्नलिखित में से किसका था?
   (a) कतर एयरवेज
   (b) यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस
   (c) सिंगापुर एयरलाइंस
   (d) कैथे पैसिफिक
18. प्रसिद्ध मुगल चित्र, जिसमें जहाँगीर को सफाविद (सफ़वी) राजा शाह अब्बास को गले लगाते हुए दर्शाया गया है, इनमें से किस मुगल चित्रकार द्वारा बनाया गया था?
   (a) अब्द-अल-समद (b) अबुल हसन
   (c) दसवंत (d) शाहआलम
19. निम्नलिखित में से कौन-से शासक मातृनामों (माता के नाम से प्राप्त किये गए नाम) से पहचाने जाते थे?
   (a) पावा के मल्ल (b) मिथिला के विदेह
   (c) यौधेय (d) सातवाहन
20. निशि जनजाति मुख्यत: कहाँ पाई जाती है?
   (a) अंडमान और निकोबार (b) अरुणाचल प्रदेश
   (c) नीलगिरि-केरल (d) कश्मीर घाटी
21. निम्नलिखित में से किस मृदा में जैविक पदार्थ की अत्यधिक मात्रा पाई जाती है?
   (a) वर्टीसॉल (b) हिस्टोसॉल
   (c) जेलीसॉल (d) स्पोडोसॉल
22. संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) इस योजना के तहत कार्यों को संसद सदस्य मंजूर, कार्यान्वित और पूर्ण करते हैं।
   (b) संसद के निर्वाचित सदस्य देश में कहीं भी कार्यान्वित किये जाने के लिये कार्यों की संस्तुति कर सकते हैं।
   (c) यह योजना भारत सरकार द्वारा पूर्णतया निधिबद्ध है।
   (d) प्रति संसदीय क्षेत्र की लिये वार्षिक हकदारी ₹ 5 करोड़ है।
23. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद दोहरे खतरे से किसी व्यक्ति की रक्षा करता है?
   (a) अनुच्छेद-20 (b) अनुच्छेद-21
   (c) अनुच्छेद-22 (d) अनुच्छेद-23
24. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद का समर्थन डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा इस तर्क पर किया गया था कि इसका प्रयोग 'अंतिम उपाय या मृतपत्र' के रूप में किया जाएगा?
   (a) अनुच्छेद-352 (b) अनुच्छेद-359
   (c) अनुच्छेद-356 (d) अनुच्छेद-368
25. सबसे प्राचीन काल से आरंभ करते हुए आयोगों के गठन/बनने का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   (a) वित्त आयोग, योजना आयोग, निवेश आयोग, निर्वाचन आयोग
   (b) निर्वाचन आयोग, योजना अयोग, वित्त आयोग, निवेश आयोग
   (c) योजना आयोग, निर्वाचन आयोग, वित्त आयोग, निवेश आयोग
   (d) निवेश आयोग, वित्त आयोग, योजना आयोग, निर्वाचन आयोग

26. रेपो दर (रेट) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?
    (a) यह अल्पावधि ऋण (ओवरनाइट लोन) पर केंद्रीय बैंक (सेंट्रल बैंक) द्वारा प्रभारित ब्याज दर है।
    (b) यह अल्पावधि ऋणग्रहण (ओवरनाइट बॉरोइंग उधारी) पर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा चुकाई गई ब्याज दर है।
    (c) यह किसी वाणिज्यिक बैंक और केंद्रीय बैंक के बीच ऋण संविदा में सहमत ब्याज दर है।
    (d) यह संपार्श्विक प्रतिभूति (सिक्यूरिटी)की लागत (खर्च) है।

27. नकदी रिज़र्व अनुपात (कैश रिज़र्व रेशियो) किसे निर्दिष्ट करता है?
    (a) निवल (नेट) माँग और आवधिक देनदारियों (देयताओं) का अंश जो तरल परिसंपत्ति के रूप में बैंकों को रोक रखना (सँभालना) होता है।
    (b) निवल मांग और आवधिक देनदारियों का अंश जो आर.बी.आई. के पास शेष (बैलेंस) के रूप में बैंकों को रोक रखना होता है।
    (c) निवल मांग और आवधिक देनदारियों का अंश जो बैंकों को उनके नकदी रिज़र्व के हिस्से के रूप में रोक रखना होता है।
    (d) नकदी धारिता राशि का बैंकों के रिज़र्व के साथ अनुपात।

28. हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने शुरुआत में छः माह की अवधि के लिये निम्नलिखित में से किस बैंक के खाताधारकों द्वारा धनराशि की निकासी किये जाने पर प्रतिबंध लगाए हैं?
    (a) इंडसइंड बैंक
    (b) धनलक्ष्मी बैंक
    (c) पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक
    (d) साउथ इंडियन बैंक

29. बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPRs) के संबंध में नीति निरूपण (सूत्रीकरण) किसका दायित्व है?
    (a) विधि एवं न्याय मंत्रालय
    (b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
    (c) उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग
    (d) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

30. कोल इंडिया लिमिटेड (सी.आई.एल.) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    1. सी.आई.एल. का मुख्यालय कोलकाता में है।
    2. सी.आई.एल. 82 खनन क्षेत्रों से परिचालित होता है जो भारत के बीस प्रांतीय राज्यों में फैले हुए हैं।
    3. सी.आई.एल. विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

31. 'बेसल समागम' (कन्वेंशन) का उद्देश्य निम्नलिखित में से किसके प्रतिकूल प्रभावों से मनुष्य के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करना है?
    (a) खतरनाक अपशिष्ट
    (b) दुर्लोप (सतत्) जैविक प्रदूषक (POPs)
    (c) पारा (पारद)
    (d) रसायन और पीड़कनाशी (जीवमारक)

32. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनाइटेड नेशंस इनवायरमेंट प्रोग्राम) के लिये भारत में निम्नलिखित में से किसे केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) बनाया गया है?
    (a) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
    (b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
    (c) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
    (d) गृह मंत्रालय

33. पर्यटन के क्षेत्र में, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य को 'एक राज्य अनेक संसार' (वन स्टेट मैनी वल्ड्र्स) कहा जाता है?
    (a) असम (b) पश्चिम बंगाल
    (c) कर्नाटक (d) राजस्थान

34. सौभाग्य, जो भारत सरकार की एक योजना है, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबधित है?
    (a) संपूर्ण परिवार (घरेलू) विद्युतीकरण प्राप्त करना
    (b) गरीब परिवारों को भोजन पकाने के लिये स्वच्छ ईंधन प्रदान करना
    (c) एल.पी.जी. पर सहायिकी (सब्सिडी) का सुव्यवस्थीकरण
    (d) मादा भ्रूणहत्या को रोकना

35. 'गांधी सोलर पार्क' कहाँ स्थित है?
    (a) न्यूयॉर्क (b) ब्लादिवोस्तोक
    (c) थिंपू (d) ह्यूस्टन

36. भारत के संविधान की पाँचवीं अनुसूची के उपबंध किन राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण हेतु लागू **नहीं** होंगे?
    1. छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा
    2. असम और त्रिपुरा
    3. मेघालय और मिज़ोरम

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

37. SAMARTH (समर्थ) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय की एक प्रमुख कौशल विकास स्कीम है?
   (a) वस्त्र मंत्रालय
   (b) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
   (c) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
   (d) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

38. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. भारत मरुस्थलीकरण का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन टू कॉम्बैट डिसर्टिफिकेशन/UNCCD) का एक हस्ताक्षरकर्ता है।
   2. गृह मंत्रालय UNCCD के लिए भारत सरकार का केंद्रक (नोडल) मंत्रालय है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

39. 'इन्वेस्ट इंडिया' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. यह एक संयुक्त उद्यम (लाभ के लिए नहीं) कंपनी है।
   2. यह भारत की राष्ट्रीय निवेश संवर्द्धन एवं सरलीकरण एजेंसी है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

40. 'ट्रिपल्स' किसका नया फॉर्मेट (प्रारूप) है?
   (a) बॉक्सिंग (मुक्केबाज़ी) (b) जूडो
   (c) चैस (शतरंज) (d) बैडमिंटन

41. निम्नलिखित को उनके लागू किये जाने के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये:
   1. दि इंडियन फैक्ट्री एक्ट (प्रथम)
   2. दि वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
   3. दि मॉर्ले-मिंटो रिफॉर्म
   4. दि कॉर्नवॉलिस कोड

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) 4, 2, 1, 3 (b) 2, 4, 1, 3
   (c) 3, 4, 1, 2 (d) 2, 1, 3, 4

42. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी नामचा बरवा में 'यू' टर्न लेती है और भारत में प्रविष्ट होती है?
   (a) गंगा (b) तीस्ता
   (c) बराक (d) ब्रह्मपुत्र

43. SWAYAM क्या है?
   (a) स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पाइरिंग माइंड्स
   (b) स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यूथ एस्पाइरिंग माइंड्स
   (c) स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पीरेशन माइंड्स
   (d) स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यूथ ऑफ एस्पीरेशन माइंड्स

44. नयनार कौन थे?
   (a) वे जो विष्णु की भक्ति में डूबे हुए थे।
   (b) वे जो बुद्ध के भक्त थे।
   (c) वे अग्रणी (लीडर) जो शिव के भक्त थे।
   (d) वे अग्रणी जो बसवेश्वर के भक्त थे।

45. निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल बादशाह नक्शबंदिया नेता ख्वाजा उबैदुल्लाह अहरार का अनुयायी था?
   (a) बाबर (b) हुमायूँ
   (c) अकबर (d) जहाँगीर

46. भारत सरकार अधिनियम, 1919 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?
   (a) इसने सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व की प्रथा को आगे बढ़ाया।
   (b) इसने केंद्रीय कार्यपालिका को विधानमंडल के प्रति उत्तरदायी बनाया।
   (c) इसे मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों के रूप में भी जाना जाता है।
   (d) इसने केंद्र और प्रांतों के उत्तरदायित्वों को स्पष्टत: पृथक् करते हुए संघवाद का मार्ग प्रशस्त किया।

47. भारत में क्लाउडेड लियोपोर्ड राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?
   (a) मणिपुर (b) त्रिपुरा
   (c) मिज़ोरम (d) नागालैंड

48. आप 'जनांकिकीय लाभांश' से क्या समझते हैं?
   (a) किसी जनसंख्या में कार्यशील वय के लोगों के एक उच्चतर अंश के कारण आर्थिक वृद्धि की दर में उछाल।
   (b) देश के विभिन्न हिस्सों में शैक्षिक संस्थानों के विकास के कारण साक्षरता की दर में वृद्धि।
   (c) वैकल्पिक आजीविका व्यवहारों की वृद्धि के कारण लोगों के जीवन के स्तर में उत्थान।
   (d) सरकारी नीतियों के कारण किसी देश के सकल रोज़गार अनुपात में वृद्धि।

49. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:
   1. रामकृष्ण मिशन की स्थापना
   2. आर्य समाज की स्थापना
   3. ब्रह्म समाज की स्थापना
   4. परमहंस मंडली की स्थापना

   उपरोक्त का सही कालानुक्रमिक क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   (a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
   (c) 3, 4, 1, 2 (d) 3, 4, 2, 1

50. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षांश अधिकतम भारतीय राज्यों से होकर गुज़रता है?
(a) 20ºN अक्षांश (b) 22ºN अक्षांश
(c) 24ºN अक्षांश (d) 26ºN अक्षांश

51. डोलड्रम हैं:
1. भूमध्यरेखीय प्रशांत मंडल
2. शांत वायु और हल्की पवन
3. तूफानी चालीसा
4. अवस्थिति और विस्तार (परिमाण) दोनों में परिवर्तनशील

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) 1, 2 और 4 (b) केवल 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 2, 3 और 4

52. निम्नलिखित में से कौन-सा भीतरी (आंतरिक) ग्रहों को प्रस्तुत करता है?
(a) सूर्य और पृथ्वी के बीच के ग्रह
(b) सूर्य और क्षुद्रग्रहों (ऐस्टर सदृश) की मेखला के बीच के ग्रह
(c) पृथ्वी के निकट के ग्रह
(d) सूर्य के चारों ओर के ग्रह

53. निम्नलिखित में से कौन सा, एक दीप्त वस्तु नहीं है?
(a) सूर्य (b) वैद्युत लैंप
(c) मोमबत्ती (d) चंद्रमा

54. सूची और अंतर्वस्तुओं के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?
1. राज्य सूची : लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता
2. संघ सूची : नागरिकता, देशीयकरण और अन्यदेशीय
3. समवर्ती सूची : विधिक, चिकित्सकीय और अन्य वृत्तियाँ

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3

55. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) प्रणाली का प्रयोग पहली बार कहाँ किया गया था?
(a) उत्तरी परावुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, केरल
(b) नोक्सेन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, नागालैंड
(c) मापुसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, गोवा
(d) नांबोल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, मणिपुर

56. 'मितव्ययिता विरोधाभास' (पैराडॉक्स ऑफ थ्रिफ्ट) की अवधारणा को किसने बनाया?
(a) एडम स्मिथ (b) अल्फ्रेड मार्शल
(c) जॉन मेनार्ड कींस (d) पॉल ए. सैम्युलसन

57. 'कंधमाल हल्दी', जिसे हाल ही में GI टैग मिला है, हल्दी की एक किस्म है। यह कहाँ की देशज है?
(a) उत्तरी बंगाल (b) दक्षिणी ओडिशा
(c) सांगली, महाराष्ट्र (d) अलेप्पी, केरल

58. INSPIRE जो भारत सरकार की एक जारी पहल है, किसलिये है?
(a) विज्ञान और अनुसंधान हेतु प्रतिभा को आकर्षित करने के लिये
(b) प्रशिक्षण (प्रोत्साहन) के माध्यम से अनुसंधान उन्नति के लिये
(c) विभिन्न S & T पणधारियों के बीच अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये
(d) अनुसंधान के उपयुक्त (आला) क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त जनशक्ति को बढ़ाना

59. 'पर्यावरण अतिवादियों' (ईकोरैडिकल्स) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. इनका विश्वास है कि पृथ्वी पर मानव समाज पृथ्वी की वहन करने की क्षमता की सीमाओं के समीप तक खतरनाक रूप से बढ़ रहा है
2. ये सख्त जनसंख्या नियंत्रण की मांग करते हैं
3. ये कम उपभोग-उन्मुख और कम अपशिष्ट उत्पादक जीवनशैली पर बल देते हैं

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सह उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2 और 3

60. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **List-I (भू-आकृति)** | **List-II (कारक)** |
|---|---|
| A. लोएस | 1. वायु निक्षेपित |
| B. टोमबोलो | 2. हिमनद निक्षेपित |
| C. पॉइंट बार (विसर्पी रोधिका) | 3. नदी निक्षेपित |
| D. मोरेन (हिमोढ़) | 4. समुद्र निक्षेपित |

**कूट:**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

61. स्टैंडेड इन-इंडिया पोर्टल के संदर्भ में विचार कीजिये:
1. यह उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका मुख्य उद्देश्य कोविड-19 के खतरों और लॉकडाउन के बीच देश में फँसे विदेशी पर्यटकों को सूचना देना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

62. आरोग्य सेतु ऐप के संदर्भ में विचार कीजिये:
   1. यह कोविड-19 से जुड़ी जानकारी को साझा करने का एक बहुआयामी संपर्क का माध्यम है।
   2. इसके लोगों पर प्रदर्शित शब्द- मैं सुरक्षित।हम सुरक्षित। भारत सुरक्षित है।
   3. इसके लिये नागरिकों को टोल फ्री सर्विस नंबर-1921 जारी किया गया।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

63. 'ऑपरेशन नमस्ते' के संदर्भ में विचार कीजिये:
   1. इंडियन एयर फोर्स द्वारा चलाया गया एक सैन्य अभ्यास है।
   2. इस अभियान में पाकिस्तान और इंडियन एयरफोर्स एक साथ भाग लिये।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

64. स्वावलंबन एक्सप्रेस के संदर्भ में विचार कीजिये:
   1. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा इस ट्रेन की शुरुआत की गई।
   2. यह ट्रेन 11 उद्यमी शहरों का दौरा करेगी।
   3. इसमें प्रमुख शहर कानपुर एवं रायपुर शामिल हैं।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

65. 'जलशक्ति' अभियान के संदर्भ में विचार कीजिये:
   1. इस अभियान की घोषणा केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की।
   2. इसके पहले चरण की शुरुआत 1 जुलाई, 2019 से 15 दिसंबर, 2019 तक है।
   3. इस अभियान का मुख्य शब्द संचय जल, बेहतर कल है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

66. 'हैंक द क्राइसिस- इंडिया' किस संदर्भ में समाचारों में रहा है?
   (a) ऑनलाइन हैकथान
   (b) ऑनलाइन स्वास्थ्य देखभाल
   (c) ऑनलाइन गेम
   (d) ऑनलाइन पर्यटन ऐप

67. सन् 1931 में कॉन्ग्रेस के कराची संकल्प ने निम्नलिखित में किस एक विषय का समर्थन किया था?
   (a) राज्य मुख्य उद्योगों और सेवाओं का स्वामित्व या उन पर नियंत्रण नहीं रखेगा।
   (b) राज्य प्रमुख उद्योगों और सेवाओं को भारतीय व्यवसाय वर्गों को सौंप देगा।
   (c) भारतीय व्यवसाय वर्ग को पूंजी का पचास प्रतिशत निवेश करने की अनुमति राज्य द्वारा दी जानी चाहिये।
   (d) राज्य प्रमुख उद्योगों और सेवाओं का स्वामित्व या उन पर नियंत्रण रखेगा।

68. राज्यसभा के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) इसके सदस्यों का निर्वाचन किसी राज्य की विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है।
   (b) निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल अंतरणीय वोट (मत) विधि द्वारा किया जाता है।
   (c) इसके एक-तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष के बाद सेवा-निवृत्त हो जाते हैं।
   (d) यह एक स्थायी निकाय है, किंतु राष्ट्रपति द्वारा इसे पहले भी विघटित किया जा सकता है।

69. भारत के एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री की समाधि के निम्नलिखित विवरण पर विचार कीजिये:
   केंद्रीय समाधि चबूतरा काली पॉलिश वाले ग्रेनाइट ठोस पत्थर के नौ चौकोर खंडों से मिलकर बना है, जिसके केंद्र में एक 'दीया' रखा गया है। संख्या नौ महत्त्वपूर्ण है और यह नवरसों, नवरात्रों और नवग्रहों को चित्रित करती है। तब नौ चौकोर समाधि का स्थापन एक वृत्ताकार कमल की आकृति के पैटर्न में है। नौ चौकोर वाले चबूतरे तक पथों द्वारा, जो सफेद सम्मिश्र टाइलों से बने हैं। ताकि फर्श गरम न हो, चार कार्डिनल दिशाओं से पहुँचा जा सकता है।
   इस समाधि को पहचानिये:
   (a) शक्तिस्थल (b) शांतिवन
   (c) सदैव अटल (d) वीरभूमि

70. इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) यह कॉर्निया की वैद्युत सक्रियता का ग्राफीय चित्रण है।
   (b) यह वृक्क की गतिविधि का ग्राफीय चित्रण है।
   (c) यह मस्तिष्क की गतिविधि का ग्राफीय चित्रण है।
   (d) यह हृदय की वैद्युत सक्रियता का ग्राफीय चित्रण है।

71. हैजा के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) यह एक रोग है जिसके कारण याददाश्त में कमी हो जाती है।
   (b) यह पेशियों का एक रोग है जो शराब (एल्कोहॉल) का सेवन करने से होता है।

(c) यह एक रोग है जो संदूषित खाद्य या जल के सेवन करने से होता है।

(d) यह एक आनुवंशिक रोग है।

72. भारत के संविधान की प्रस्तावना में परिवर्तन करने की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसमें 44वें संविधान संशोधन द्वारा दो शब्द जोड़े गए।
2. इसे संविधान का परिचय पत्र भी कहा जाता है।
3. इसमें तीन प्रकार की स्वतंत्रता का उल्लेख है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2

(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

73. जब आपातकाल की उद्घोषणा प्रचालन (ऑपरेशन) में हो, तब निम्नलिखित में से किसे अपवादस्वरूप छोड़कर सभी मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिये न्यायालय में जाने का अधिकार निलंबित रहता है?

(a) अनुच्छेद-20 और अनुच्छेद-21

(b) अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद-22

(c) अनुच्छेद-19 और अनुच्छेद-20

(d) अनुच्छेद-15 और अनुच्छेद-16

74. मोबाइल ऐप 'cVIGIL' सहायक है:

(a) सरकारी कार्यालयों में नि:शुल्क और उचित ई-टेंडरिंग प्रक्रिया को संचालित करने में

(b) लोक सेवाओं में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में

(c) नगरपालिका क्षेत्रों से कूड़ा-कचरा हटाने में

(d) निर्वाचन-आबद्ध राज्यों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के बारे में सूचना देने में

75. 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम द्वारा लाया गया एक परिवर्तन निम्नलिखित में से कौन-सा **नहीं** है?

(a) एक अंतरिम संविधान प्रदान करने के लिये भारत सरकार अधिनियम, 1935 को संशोधित किया गया था।

(b) भारत की अधीनता को समाप्त किया गया।

(c) नए संविधान के निर्माण तक सत्ता का स्रोत राजमुकुट था।

(d) भारतीय अधिराज्य का सांविधानिक प्रमुख गवर्नर-जनरल था।

76. भारत के संविधान के भाग IX में किये गए निर्धारण के अनुसार, पंचायतों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) पंचायतों की बैठकों में मताधिकारों का प्रयोग करने के लिये किसी पंचायत के अध्यक्ष को जनता द्वारा प्रत्यक्ष निर्वाचित किये जाने की आवश्यकता है।

(b) राज्य विधानमंडल को यह निर्णय लेने का अधिकार है कि पंचायतों में अध्यक्षों के पदों को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अथवा महिलाओं के लिये आरक्षित किया जाए अथवा नहीं।

(c) प्रत्येक पंचायत पाँच वर्षों की अवधि तक बनी रहेगी, अगर पहले भंग न हुई हो।

(d) राज्य विधानमंडल विधि द्वारा पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण/लेखापरीक्षण के लिये उपबंध बना सकता है।

77. सारगैसो सागर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) महासागरीय धाराओं का प्रतिचक्रवातीय परिचालन इसकी विशेषता है।

(b) अटलांटिक महासागर में इसकी सर्वाधिक लवणता पाई गई है।

(c) यह गल्फ स्ट्रीम के पश्चिम और कनारी धारा के पूर्व में स्थित है।

(d) यह शांत एवं गतिहीन जल की वृत्ताकार गति में सीमित है।

78. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (झील का प्रकार)** | **सूची-II (उदाहरण)** |
|---|---|
| A. विवर्तनिकी | 1. लोनार झील |
| B. गर्त (क्रेटर) | 2. गंगाबल झील |
| C. हिमनदीय (ओलिगोट्राफिक) | 3. पूर्वस्थली झील |
| D. नदीय | 4. भीमताल झील |

**कूट:**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

79. लगभग 115 किमी. की लघु नहरों और वितरिकाओं वाली दमनगंगा जलाशय परियोजना कहाँ स्थित है?

(a) एन.सी.टी. (b) दादरा व नगर हवेली

(c) पुदुच्चेरी (d) गोवा

80. गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेरों की हाल ही में हुई मृत्यु के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा विषाणु (वायरस) उत्तरदायी है?

(a) कैनाइन डिस्टेंपर वायरस

(b) निपाह वायरस

(c) हेंद्र वायरस

(d) खुरपका-मुँहपका रोग विषाणु (फुट-एंड-माउथ डिजीज वायरस)

81. प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना (पी.एम.जे.ए.वाई.) के लाभ निम्नलिखित में से कौन-से हैं?
    1. आवश्यक होने पर सभी लोक एवं सूचीबद्ध किये गए निजी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा का उपलब्ध होना
    2. गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य अनुरक्षण सेवाओं तक नगदी रहित और कागज़रहित अभिगम
    3. प्रत्येक वर्ष प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से ₹5,00,000 तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाना
    4. पूर्व-विद्यमान रोग इसमें शामिल नहीं हैं

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1, 2 और 3
    (c) केवल 2 और 4 (d) केवल 3 और 4

82. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:
    1. हाल ही में झारखंड के हजारीबाग में दो सिनेरियस गिद्ध (Aegypius Monachus) देखे गए।
    2. आमतौर पर सिनेरियस गिद्ध सर्दियों के दौरान अफ्रीका के पहाड़ी क्षेत्रों से भारत में पलायन करता है।
    3. सिनेरियस गिद्ध को IUCN की लाल सूची में निकट संकट या NT के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

    उपर्युक्त में कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?
    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

83. विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन, 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस सम्मेलन का आयोजन ऊर्जा व संसाधन संस्थान (TERI) द्वारा किया गया है।
    2. इसका आयोजन नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
    3. सम्मेलन का मुख्य विषय टूवड्र्स 2030 गोल्स: मेंकिग दि डिकेड काउंट।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3
    (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

84. स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट, 2019 में भारत की स्थिति की चर्चा के विषय में निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार कीजिये:
    1. भारत में वायु प्रदूषण अब सभी स्वास्थ्य जोखिमों में मौत का सातवाँ सबसे बड़ा कारण है।
    2. रिपोर्ट यह मानती है कि भारत में ठोस ईंधन से खाना पकाने वाले परिवारों का अनुपात 2005 के 76% से घटकर 2017 में 60% हो गया है।
    3. वायु प्रदूषण को कम करने के संदर्भ में भारत में कई कदम उठाए गए, जैसे- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, घरेलू LPG कार्यक्रम आदि।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    (a) 1 और 3 (b) 1 और 2
    (c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

85. भारत में जैव-विविधता के तप्त स्थल (Hot-Spot) निम्नलिखित में से कौन-से हैं?
    (a) हिमालय व पूर्वी तट
    (b) पश्चिमी हिमालय व सुंदरबन
    (c) पूर्वी हिमालय व पश्चिमी घाट
    (d) पूर्वी हिमालय व शांत घाटी

86. स्व-स्थाने संरक्षण विधि के अंतर्गत पौधों एवं जंतुओं की प्रजातियों को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में संरक्षित **नहीं** किया जाता है?
    (a) राष्ट्रीय उद्यान (b) वानस्पतिक उद्यान
    (c) पक्षी विहार (d) अभयारण्य

87. कुनो-पालुपर राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. कर्नाटक सरकार द्वारा कुनो-पालपुर को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया।
    2. गुजरात से यहाँ एशियाई शेरों को स्थानांतरण किया जा रहा है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

88. कोरोना वायरस के संदर्भ में विचार कीजिये:
    1. इसे सर्वप्रथम चीन के वुहान शहर में चिह्नित किया गया।
    2. यह वायरस माँ से बच्चों को संक्रमित नहीं करता।
    3. यह वायरस मानव श्वसन प्रणाली को प्रभावित करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
    (c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1

89. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **जीएम उत्पाद** | **लाभ** |
|---|---|---|
| 1. | गोल्डन राइस | : विटामिन A समृद्ध |
| 2. | बीटी कपास | : कीटरोधी |
| 3. | फ्लेवर सेवर टमाटर | : परिपक्वता अवधि अधिक |

    उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

90. 'जर्मलाइन एडिटिंग' से आप क्या समझते हैं?
    (a) यह जैव प्रौद्योगिकी के औद्योगिक अनुप्रयोगों द्वारा नए रसायनों के उत्पादन से संबंधित है।
    (b) यह एक जीनोम एडिटिंग तकनीकी है, जिसे मानव भ्रूण में विशिष्ट और लक्षित आनुवंशिक परिवर्तन लाने एवं आनुवंशिक रोगों के उपचार के लिये विकसित किया जा रहा है।

(c) 'जर्मलाइन एडिटिंग' तकनीकी द्वारा प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों और स्तरों की जाँच के लिये बायो सेंसर का निर्माण किया जा सकता है।

(d) जैव तकनीकी का प्रयोग कर 3-D प्रिंटेड कृत्रिम अंग निर्माण के लिये विकसित की जाने वाली तकनीकी।

91. 'क्वांटम कंप्यूटर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह क्वांटम भौतिकी के नियमों पर कार्य करता है।
2. यह कंप्यूटरों में इनपुट और आउटपुट प्रक्रियाओं के लिये बिट्स के स्थान पर बाइट्स को आधार बनाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

92. WiMAX निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) जैव प्रौद्योगिकी (b) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
(c) मिसाइल प्रौद्योगिकी (d) संचार प्रौद्योगिकी

93. डिजिटल डिवाइड:

1. डिजिटल डिवाइड डिजिटल तकनीक के उपयोग के आधार पर बढ़ रही सामाजिक-आर्थिक विषमता को व्याख्यायित करती है।
2. डिजिटल कन्वर्जेंस की अवधारणा इस समस्या के निराकरण हेतु अपनाई जा रही है।

निम्नलिखित कूटों की सहायता से सत्य कथन/कथनों का चुनाव करें:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

94. निम्नलिखित कथनों के संदर्भ में विचार कीजिये:

1. वर्ल्ड इन्वेस्टमेन्ट रिपोर्ट अंकटाड जारी करता है।
2. वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट, 2020 के अनुसार भारत वैश्विक रूप से 9वें स्थान पर था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

95. वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्द्धा सूचकांक 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी किया जाता है।
2. इसकी थीम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में वैश्विक प्रतिभा' है।
3. इसमें कुल 132 देश शामिल किये गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

96. विदेशी विनिमय कोष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में उपलब्ध विदेशी मुद्राओं के भंडार को विदेशी विनिमय कोष कहा जाता है।
2. विदेशी मुद्रा कोष को मुद्राओं की टोकरी भी कहा जाता है, इसमें मुद्राओं का प्रतिशत गतिशील रहता है।
3. बुलियन कोष ज्यामितीय आकार का सोना होता है जो रिज़र्व बैंक के पास होता है, इसकी तरलता सर्वाधिक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं

97. 'अवमूल्यन' से संबंधित कथनों के संदर्भ में विचार कीजिये:

1. अवमूल्यन से प्रति डॉलर निर्यात से प्राप्त होने वाला रुपया बढ़ जाता है।
2. इससे घरेलू कीमतें तत्काल नहीं बढ़तीं इसलिये विक्रय से होने वाला मुनाफा स्थिर रह जाता है।
3. चालू खाता घाटा अवमूल्यन से घट जाता है।
4. अवमूल्यन से मुद्रा की साख गिर जाती है, इससे उस देश की संप्रभु साख कमज़ोर होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 4 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

98. भुगतान शेष के धनात्मक होने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वर्ण का आयात या क्रय बढ़ सकता है।
2. विदेशी विनिमय कोष में वृद्धि होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

99. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **वस्त्रों के नाम** | **उत्पादन केंद्र** |
|---|---|
| 1. कसूटी | - कर्नाटक |
| 2. नवलगुंड | - झारखंड |
| 3. बोमकई | - ओडिशा |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

100. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भोमदेव मंदिर नागर शैली में बना है।
2. इस मंदिर के पास स्थित ऐतिहासिक इमारत को मड़वा महल कहा गया है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## यू.पी.एस.सी ( प्रारंभिक परीक्षा ), 2020
## सामान्य अध्ययन-I ( मॉडल पेपर-4 ) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 39. | (c) | 77. | (c) |
| 2. | (d) | 40. | (d) | 78. | (a) |
| 3. | (b) | 41. | (a) | 79. | (b) |
| 4. | (d) | 42. | (d) | 80. | (a) |
| 5. | (d) | 43. | (a) | 81. | (b) |
| 6. | (b) | 44. | (c) | 82. | (b) |
| 7. | (c) | 45. | (a) | 83. | (d) |
| 8. | (d) | 46. | (b) | 84. | (c) |
| 9. | (b) | 47. | (b) | 85. | (c) |
| 10. | (b) | 48. | (a) | 86. | (b) |
| 11. | (c) | 49. | (d) | 87. | (b) |
| 12. | (b) | 50. | (c) | 88. | (b) |
| 13. | (c) | 51. | (a) | 89. | (d) |
| 14. | (b) | 52. | (b) | 90. | (b) |
| 15. | (d) | 53. | (d) | 91. | (b) |
| 16. | (a) | 54. | (b) | 92. | (d) |
| 17. | (b) | 55. | (b) | 93. | (c) |
| 18. | (b) | 56. | (c) | 94. | (c) |
| 19. | (d) | 57. | (b) | 95. | (c) |
| 20. | (b) | 58. | (a) | 96. | (c) |
| 21. | (b) | 59. | (c) | 97. | (d) |
| 22. | (b) | 60. | (a) | 98. | (c) |
| 23. | (a) | 61. | (b) | 99. | (c) |
| 24. | (c) | 62. | (d) | 100. | (c) |
| 25. | (b) | 63. | (d) | | |
| 26. | (c) | 64. | (b) | | |
| 27. | (b) | 65. | (b) | | |
| 28. | (c) | 66. | (a) | | |
| 29. | (c) | 67. | (d) | | |
| 30. | (b) | 68. | (d) | | |
| 31. | (a) | 69. | (c) | | |
| 32. | (a) | 70. | (d) | | |
| 33. | (c) | 71. | (c) | | |
| 34. | (a) | 72. | (c) | | |
| 35. | (a) | 73. | (a) | | |
| 36. | (c) | 74. | (d) | | |
| 37. | (a) | 75. | (c) | | |
| 38. | (a) | 76. | (a) | | |